an>

Title: Regarding construction of an elevated junction and railway over bridge in Jehanabad, Bihar

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): बिहार राज्य के जहानाबाद शहर में एनएच 110 एवं NH-83 के जंक्शन के पास एक अंडरपास अवस्थित है जो काफी पतला है एवं उक्त स्थान पर जलजमाव की समस्या बनी रहती है । इसके साथ अंडरपास से 100 मीटर की दूरी पर एनएच-110 एवं पुराना NH-83 का जंक्शन है जिसके कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है । मैंने पहले भी लोकसभा में इस मामले को उठाया था । माननीय मंत्री जी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-110 पर दरधा नदी के पास से उत्तर दिशा में बाईपास बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग-83 के बाईपास में मिलाने के निर्णय के बारे में सूचित किया है । इस बाईपास के बन जाने से जिन वाहनों को जहानाबाद में नहीं प्रवेश करना है एवं अरवल एवं बिहार शरीफ जाना है उसके लिए सुविधा मिलेगी जिसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं सरकार का ध्यान अंडरपास द्वारा शहर में आने वाले वाहनों के कारण जाम की समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । जाम की समस्या से मुक्ति के लिए अंडरपास के स्थान पर एक एलिवेटेड जंक्शन एवं रेल ओवर-ब्रिज की आवश्यकता है । अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त जंक्शन पर एलिवेटेड जंक्शन बनाया जाए तथा उसके पहुंच मार्ग को एनएच-110 पहुंच मार्ग से रेल ओवर-ब्रिज (आर.ओ.बी) बनाया जाए ।